नेहरू पब्लिक स्कूल में दीपावली उत्सव में बच्चो ने पोस्टर बनाये।

दिव्य सरस्वती इंटर कॉलेज में दीपावली उत्सव पर छात्राओ ने रंगोली बनाई।

वीकेएस पब्लिक स्कूल में दिवाली पर रंगोली बनाती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

### शहर में छाईं दिवाली की खुशियां, स्कूलों से लेकर बाजारों तक बिखरे त्योहार के रंग, कहीं रंगोली तो कहीं लगा दिवाली मेला

# स्कूलों में सजी रंगोली, धूमधाम से मनी दिवाली

मुरादाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

दिवाली के रंग में हर लम्हां सराबोर है। हर तरफ प्रकाश का बोलबाला है। बाजारों की रौनक देखते ही बन रही है। इन सबमें शहर की शिक्षण संस्थाएं भी बराबर शरीक हो रही हैं। स्कूलों में रंगोली सजीं। दिवाली मेले लगे। पोस्टर में दिवाली के रंग भरे गए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**एसवीएम इंटर कॉलेजः** एसवीएम इंटर कॉलेज किसरौल में दिवाली महोत्सव मनाया गया। रंगोली एवं दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया। बच्चों ने साज-सज्जा संग स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य अवधेश पाठक ने दिवाली का महत्व बताया। रेखा रानी, रेनू भटनागर, ऋषि गौड़, अरविंद कुमार शर्मा, सुशील विश्नोई, राजीव मिश्रा, अरविंद कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

किड्जी स्कूल में दिवाली मनाते बच्चे।

**वीकेएस पब्लिक स्कूलः** वीकेएस पब्लिक स्कूल में दिवाली पर रंगोली बनाने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। इनमें कंदील सज्जा, बंदनवार, दीया और मोमबत्ती समेत कई प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। निर्णायक मंडल में कोयल सिंघल, जूही सिंघल शामिल रहीं। विजेता बच्चों को बाल दिवस पर पुरस्कार वितरित किए जाने की बात कही गई। प्रधानाचार्या, पूनम मेहरोत्रा ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

सेनफोर्ट स्कूल में लगी सज्जा प्रदर्शनी।

**सेनफोर्ट स्कूल में मनी दिवालीः** सेनफोर्ट स्कूल में दिवाली मनाई गई। बच्चों ने रंगोली सजाने के साथ ही साज-सज्जा के सामान की प्रदर्शनी लगाई। प्रबंधक, अमित कुमार अग्रवाल, दीपक गुप्ता मौजूद रहे। प्रधानाचार्य, जेडी रॉय ने बच्चों को दिवाली का महत्व बताया। स्कूल को-ऑर्डिनेटर पूजा अग्रवाल ने बच्चों को दिवाली की बधाई दी।

**गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूलः** गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल में दिवाली की धूम रही। बच्चों को ईको फ्रेंडली दिवाली का महत्व व आवश्यकता बताई गई। बच्चों ने साज-सज्जा करके स्वच्छता का संदेश दिया। गोल्डन गेट के बच्चों ने परिवर्तन स्कूल के बच्चों को उपहार देकर संयुक्त दिवाली की खुशियां मनाईं। डायरेक्टर, अंकुर खन्ना, राजीव गोयल, प्रिंसिपल, सचिन घावरी, प्रधानाचार्या स्नेहा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

**किड्ज हर्ष प्ले स्कूलः** किड्ज हर्ष प्ले स्कूल कांशीरामनगर में दिवाली मनाई गई। बच्चों पारंपरिक परिधान पहनकर दिवाली की रौनक में शामिल हुए। प्रबंधक, सोना गुप्ता ने दिवाली का महत्व बताया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संचालन, साक्षी वर्मा ने किया।

## संक्षेप

आईएफटीएम विवि के होटल मैनेजमेंट एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी विभाग में बने मिस्टर व मिस फ्रेशर। • हिन्दुस्तान

### सुमित और संध्या बने मिस्टर व मिस फ्रेशर

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विवि के होटल मैनेजमेंट एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी विभाग में नवागत विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। बीएचएमसीटी एवं डीएचएम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिस्टर फ्रेशर, सुमित शर्मा व मिस फ्रेशर, संध्या कुमारी चुनी गईं। संचालन, हरविंदर, सुमन एवं कल्पना ने किया। प्रो मंजुला जैन, डॉ केके पांडेय, प्रो निशा अग्रवाल, डॉ आरके यादव, सचिन वर्मा, रूही, मौसमी बॅनर्जी आदि मौजूद रहीं।

### जीजी हिन्दू इंटर कॉलेज

जीजी हिन्दू इंटर कॉलेज में दीपोत्सव पर बच्चों ने अपनी-अपनी कक्षाओं की सफाई की। रंगोली सजाई गई। प्रधानाचार्य डॉ कुलदीप बरनवाल ने दिवाली का महत्व बताया। डॉ प्रमोद कुमार शर्मा, राजीव शर्मा, वंश बहादुर आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ सुरेंद्र कुमार वर्मा ने किया।

सी-डैक CDAC
प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)
इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक वैज्ञानिक संस्था
ई-25, I एवं II तल, होज खास मार्केट, नई दिल्ली-110016
फोनः +91-11-26510221, फैक्सः +91-20-26510207

**भर्ती सूचना**

**सी-डैक** दिल्ली ने अरुशा – तंजानिया में नेल्सन मंडेला अफ्रीकी विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएम-एएसआईटी) में प्रशिक्षक के तकनीकी पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से अनुबंध के अनुसार समेकित वेतन के आधार पर आवेदन "ऑनलाइन" आमंत्रित करता है। इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत अधिसूचना और ऑनलाइन आवेदन के लिए **www.cdac.in** पर देखें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **15 नवंबर, 2019** है। (एचआरडी)

नेशनल लेवल स्कॉलरशिप टेस्ट में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को शुक्रवार को सम्मानित करते समर्पण प्रतियोगी संस्थान के पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

## समर्पण के मेधावी सम्मानित

मुरादाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

समर्पण प्रतियोगी संस्थान की ओर से शुक्रवार को नेशनल लेवल स्कॉलरशिप टेस्ट में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विगत 20 अक्टूबर 2019 को आयोजित हुए टेस्ट में विद्यार्थियों ने मेडिकल व इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। समर्पण के मुरादाबाद व आसपास के क्षेत्र के तीन सौ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। जेईई के टॉप-6 व नीट के टॉप-6 विद्यार्थियों को नब्बे फीसदी तक की स्कॉलरशिप प्रदान की गई। मुख्य रूप से अनुकृति शर्मा, जहरा अलमास, मदीहा जावेद शामिल रहीं। संस्थान के निदेशक, ललित कुमार गोयल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए मेहनत और लगन को सफलता की कुंजी बताया। सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## अब स्कूल में शिक्षा पा सकेगा किसरौल का कृष्णा

**मुरादाबाद।** धनतेरस का त्योहार किसरौल के कृष्णा के लिए तोहफा लेकर आया है। स्कूल में फीस के लिए मोहताज कृष्णा को शुक्रवार को शिक्षा पाने का मौका मिला है। मुरादाबाद की संस्था ने बच्चे को एक साल की स्कूली फीस अदा की है। लिहाजा कृष्णा को स्कूली शिक्षा से वंचित नहीं रहना होगा।

शहर के चौरासी घंटा की विधवा निशा वर्मा अपने पोते को पाल पोस रही है। इकलौते बेटे राजीव वर्मा की मृत्यु के बाद उसकी पुत्रवधू ने मासूम को छोड़ दिया। दस साल के बच्चे के किसरौल के एक स्कूल में कक्षा चार का छात्र है। बच्चे को शिक्षा दिलाने के लिए दादी ही जत्न कर रही है। पर बच्चे की फीस जमा न होने पर स्कूल ने नाम काटने की बात कही। दादी मां की व्यथा पर सामाजिक संगठन ने हमदर्दी दिखाई। कुछ महीने पहले बच्चे की शिक्षित करने को तरस रही दादी के लिए शुक्रवार का दिन उम्मीद लेकर आया।

## एमआईटी में मनी ग्रीन दिवाली

**मुरादाबाद।** एमआईटी में आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों ने ग्रीन दिवाली मनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सजावट के लिए वेस्ट मैटेरियल का प्रयोग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एमआईटी परिवार से सुधीर गुप्ता, वाईपी गुप्ता, अनिल अग्रवाल, बरखा कटारिया, निदेशक डॉ रोहित गर्ग मौजूद रहे।

## पोलियो वैन फैलाएगी जागरूकता

**मुरादाबाद।** पोलियो उन्मूलन को जागरूकता अभियान के तहत पोलियो रोटरी वैन का आरंभ किया गया। एडवोकेट, सुधीर गुप्ता ने सपत्नीक वैन का आरंभ किया। विश्व पोलियो दिवस पर रोटरी क्लब मुरादाबाद एवं एसएसजी फाउंडेशन के सहयोग से मुरादाबाद में पोलियो उन्मूलन के पोलियो वैन भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से जन-जागृति की जाएगी।

**नवोदय विद्यालय समिति**
**Navodaya Vidyalaya Samiti**
An Autonomous Organization Under Ministry of Human Resource Development, Department of School Education & Literacy, Government of India
B-15, Institutional Area, Sector-62, Noida, Uttar Pradesh-201307
15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**कक्षा–9 (2020–21) में रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं**

नवोदय विद्यालय समिति सत्र 2020–21 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा–9 के लिये रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करती है। ऑनलाइन आवेदन जमा करना 25 अक्टूबर–2019 से प्रारंभ होगा। आवेदन नविस की वेबसाइट : **www.navodaya.gov.in** (अथवा) **nvsadmissionclassnine.in** पर पहुँचकर निःशुल्क किया जा सकता है।

| ऑनलाइन विंडो खुलने की तिथि | आवेदन की अंतिम तिथि | चयन परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|
| 25.10.2019 | 10.12.2019 | 08.02.2020 |

**नवोदय की सामान्य विशेषताएँ**
- प्रत्येक जनपद में सह–शिक्षा आवासीय विद्यालय
- छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास
- निःशुल्क शिक्षा, भोजन एवं आवास
- प्रवजन योजना द्वारा वृहत सांस्कृतिक आदान–प्रदान
- खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट और गाइड का प्रोत्साहन

**विशिष्ट विशेषताएँ**
- गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर विशेष बल के परिणामस्वरूप सफलता :
  - 11733 में से 4451 विद्यार्थी JEE (Mains)-2019 में सफल हुए
  - 4451 में से 966 विद्यार्थी JEE (Advanced)-2019 में सफल हुए
  - 16156 में से 12654 विद्यार्थी NEET-2019 में सफल हुए
- बोर्ड परीक्षा में विद्यालय औसत
  - कक्षा X: 77.75%
  - कक्षा XII: 74.91%

अभ्यर्थी उसी जिले में, जहाँ ज.न.वि. कार्यरत है और जहाँ वह प्रवेश लेना चाहता है, के किसी सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2019–20 में कक्षा–8 में अध्ययनरत है, प्रवेश के लिए अर्ह है। प्रवेश चाहने वाले अभ्यर्थी का जन्म 01.05.2004 और 30.04.2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए। यह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग सहित सभी वर्ग के अभ्यर्थियों पर लागू है।

विस्तृत जानकारी, परीक्षा के स्वरूप सहित एवं जवाहर नवोदय विद्यालयों में रिक्त स्थानों की स्थिति के लिए न.वि.स. की वेबसाइटः **www.navodaya.gov.in** अथवा **nvsadmissionclassnine.in** पर देख सकते हैं। संबंधित जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य से भी संपर्क किया जा सकता है।

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी

## दरगाह पर दिनभर उमड़े अकीदतमंद की चादरपोशी

**मुरादाबाद।** हजरत शाह बुलाकी साहब का 302 वां सालाना उर्स मुबारक पूरी रिवायती शान ओ शौकत के साथ आरंभ हुआ। इसमें सुबह से ही अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने चादर पोशी कर मन्नतें मांगीं। इस दौरान लंगर जारी रहा।

उर्स मुबारक में इशा के नमाज के बाद नातिया मुशायरा हुआ। इसमें नातखान ने शाह बुलाकी की शान में कलाम पढ़े। तकरीर भी की गई। लोगों ने शाह बुलाकी की जिदंगी पर रोशन डाली। उन्होंने इंसानियत एवं कौमी एकता की मिसाल बताया। मुतवल्ली इश्त्याक हुसैन ने बताया कि कल 26 अक्टूबर को महफिले कव्वाली होगी। 27 अक्टूबर को पुलिस लाइन से लाकर सरकारी चादर चढ़ाई जाएगी।

पारले इंडस्ट्रीज रुद्रपुर का भ्रमण करने पहंचे टिमिट के छात्र। • हिन्दुस्तान

## प्रबंधन की बारीकियां समझीं

**मुरादाबाद।** टीएमयू संबद्ध टिमिट के विद्यार्थियों ने एजुकेशनल टूर के तहत पारले इंडस्ट्रीज रुद्रपुर का भ्रमण किया। उत्पादन की प्रक्रिया देखी। प्रबंधन की बारीकियां समझीं। चुनौतियों पर मंथन किया। संस्थान के निदेशक प्रो विपिन जैन ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान की बढ़ोत्तरी करता है। निर्देशन पारुल, दीप्ती व राज वर्मा ने किया।

ताज खबरों के लिए देखें www.livehindustan.com

### शहर की कई संस्थाएं शिक्षा के क्षेत्र में निभा रहीं हैं महत्वपूर्ण भूमिका

# शिक्षा से लोगों के जीवन में फैला रहे उजियारा

मुरादाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

शिक्षा की राह में उजियारा फैलाकर सेवा संग दिवाली मनाई जाएगी। शहरी संस्थाएं जहां इस अनूठे प्रकल्प में अपनी भूमिका निभा रही हैं, तो वहीं व्यक्तिगत तौर पर भी शिक्षा की सेवा का दायित्व उठाने वाले इस दिशा में सतत कार्य कर रहे हैं। सबका यही मानना है कि हर बच्चा शिक्षित होगा, तो हर दिन दिवाली होगी। शिक्षा के प्रकाश से सारा समाज सराबोर होगा।

शिक्षा की राह में उजियारा फैलाकर इस प्रकाश को निरंतर जारी रखने में वरिष्ठ समाजसेवी रोहिताश सपड़ा, चित्रलेखा अग्रवाल, अनीता गुप्ता भूमिका निभा रही हैं। लाला बाबू चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से जहां हर साल प्रतिभाशाली बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाती है, तो वहीं अनीता गुप्ता सांध्यकालीन निशुल्क विद्यालयों का संचालन अरसे से इस सेवा को अंजाम दे रही हैं। राधा-गोविंद सेवा ट्रस्ट के माध्यम यही सेवाकार्य रोहिताश सपड़ा कर रहे हैं।

इनके अलावा शहर की संस्थाएं भी जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को गोद लेकर उन्होंने शिक्षा की राह देने में लगी हैं। जरूरतमंद बच्चों को यहां कक्षा पांच तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके बाद उन्हें अन्य विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाता है।



शिक्षा का प्रकाश अमर होता है। यह कभी कमजोर नहीं पड़ता। दिवाली भी प्रकाश का पर्व है। हम शिक्षा के जरिए इसी प्रकाश का प्रसार करने का प्रयास कर रहे हैं।
**रोहिताश सपड़ा** समाजसेवी

शिक्षा के संकल्प संग हमारी सेवा की यह दिवाली उन बच्चों को समर्पित है जिन्होंने विषम परिस्थितियों में शिक्षा पाकर अपनी प्रतिभा को साबित किया है।
**अनीता गुप्ता,** समाजसेविका

बच्चे शिक्षित होकर अच्छे नागरिक बन जाएं, यही हमारी दिवाली होगी। शिक्षा के इस अनवरत प्रकाश को फैलाने में हमारा सेवाकार्य निरंतर जारी रहेगा।
**चित्रलेखा अग्रवाल,** समाजसेविका

### शिक्षित होकर स्वावलंबी बने बच्चे

**मुरादाबाद।** युवाओं की सामाजिक संस्था उम्मीद के प्रयास को हर किसी ने सराहा। संस्था के माध्यम से निशुल्क शिक्षा की राह पाने वाले जरूरतमंद बच्चों ने वेस्ट मैटेरियल से दिवाली की साज-सज्जा का सामान तैयार किया। संस्था की ओर से बच्चों के हाथों से बने सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। हर किसी ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। इस सामान को लेकर घर की सज्जा करने की बात कही। शिल्पी सैनी, आंचल सैनी, सृष्टि अधिकारी, सूर्याश सक्सेना, नवनीत शर्मा, अश्विनी सैनी का सहयोग रहा।

**Jubilant Life Sciences Limited**
Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-267200

**Extract of Consolidated Unaudited Results for the Quarter and Half year ended 30 September 2019**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 September (Unaudited) | 30 June (Unaudited) | 30 September (Unaudited) | 30 September (Unaudited) | 30 September (Unaudited) | 31 March (Audited) |
| | 2019 | 2019 | 2018 | 2019 | 2018 | 2019 |
| Total revenue from operations | 226593 | 218186 | 226949 | 444779 | 434814 | 911082 |
| Net Profit before tax, exceptional and extraordinary items | 29223 | 26903 | 31026 | 56126 | 61851 | 118404 |
| Net Profit before tax (after exceptional and extraordinary items) | 29223 | 26903 | 30181 | 56126 | 58818 | 90381 |
| Net Profit after tax, exceptional and extraordinary items | 24939 | 18498 | 20977 | 43437 | 41014 | 57701 |
| Total comprehensive income after tax (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 27320 | 23203 | 35071 | 50523 | 56473 | 56323 |
| Earnings per share of ₹ 1 each (Not annualized) | | | | | | |
| Basic (₹) | 15.66 | 11.61 | 13.50 | 27.27 | 26.50 | 36.86 |
| Diluted (₹) | 15.66 | 11.61 | 13.50 | 27.27 | 26.50 | 36.86 |
| Equity share capital | 1593 | 1593 | 1558 | 1593 | 1558 | 1593 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | | | | 521437 | 458349 | 479299 |
| Net Worth | | | | 523030 | 454477 | 480902 |
| Paid-up debt capital | | | | 428900 | 301970 | 420300 |
| Capital Redemption Reserve | | | | 3984 | 3984 | 3984 |
| Debenture Redemption Reserve | | | | 13008 | 7492 | 13008 |
| Debt Equity Ratio | | | | 0.65 | 0.76 | 0.73 |
| Debt Service Coverage Ratio | | | | 6.41 | 6.65 | 8.07 |
| Interest Service Coverage Ratio | | | | 6.41 | 6.65 | 8.07 |

1. The Company has opted to publish consolidated results for the year ending 31 March 2020. The standalone unaudited results are available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 September (Unaudited) | 30 June (Unaudited) | 30 September (Unaudited) | 30 September (Unaudited) | 30 September (Unaudited) | 31 March (Audited) |
| | 2019 | 2019 | 2018 | 2019 | 2018 | 2019 |
| Total revenue from operations | 75754 | 78982 | 88727 | 154736 | 171391 | 343861 |
| Profit before tax | 10620 | 4732 | 9121 | 15352 | 12466 | 18343 |
| Net profit after tax | 14307 | 3226 | 7961 | 17533 | 10349 | 14763 |

2. Items referred in sub clauses (a), (b), (d) and (e) of the regulation 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, have been disclosed in detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter and half year ended 30 September 2019 filed with BSE Limited and The National Stock Exchange of India Limited and can be accessed under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.
3. The above consolidated unaudited results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 25 October 2019.
4. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter and half year ended 30 September 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited results for the quarter and half year ended 30 September 2019 is available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For **Jubilant Life Sciences Limited**
**Hari S. Bhartia**
Co-Chairman & Managing Director

Place : Noida
Date : 25 October, 2019